हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



पर्व : तेज बारिश भी नहीं डिगा सकी भक्तों की आस्था, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

# भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन को उमड़े हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कपिलेश्वर मंदिर से निकली शोभायात्रा ने नगर भ्रमण कर बिखेरा भक्तिमय माहौल



जिले के शहर से लेकर ग्राम सभी गुरूवार को जय जगन्नाथ के नारो से गुजता रहा। जहां शहर से लेकर ग्राम के गलियो में भगवान श्रीजगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के रथ की रथयात्राा भव्य रूप से निकाली गई। गुरूवार को जिले में काले घने बादलो के बीच भगवान श्रीजगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ जिले के शहर से लेकर ग्रामो के गलियो में रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। जहां भगवान श्रीजगन्नाथ भाई बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा को रथयात्रा आयोजन समितियो द्वारा विशेष श्रृगांर करते हुए उन्हे विभिन्न वेशभूशा से सुशोभित किया था। जहां आयोजक समितियो द्वारा रथो को भी विशेष साज सज्जा के तहत विभिन्न पेंटिंग, रंग बिरंगे फूलो व कपड़ो से रथ सजाया गया था जो भगवान जगन्नाथ के रथ को सुशोभित कर रहा था। रथयात्राा के आगे विभिन्न गाजे बाजे के साथ भक्ती गीतो में भक्त जय जगन्नाथ के नारे लगाते हुए झुमते नाचते, गाते आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान भारी बारिश के बीच श्रद्वालुओ का भगवान के प्रति प्रेम व आस्था इतना था कि वे तेज बारिश में भी खुले पाव रथ को खिचते दिख रहे थे। इस दौरान भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे भक्तो को आयोजक समिति द्वारा मूंग, चना, मूंगफली जैसे विभिन्न मिश्रित अंकुरित प्रसाद भक्तो को वितरीत किया गया। इसी प्रकार का नजारा जिला मुख्यालय में भी देखने को मिला जहां रथ यात्र समिति द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ की पावन रथयात्रा बालोद नगर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ निकाली गई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें से श्रद्धालु शामिल हुए। रथयात्रा स्थानीय प्राचीन कपिलेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई जहां भव्य एवं सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीजगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के ▶▶| शेष पेज 10 पर









## खबर संक्षेप




### निकुम स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत शिविर

**अण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में 16 जुलाई गुरुवार को जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत मां और बच्चे की भलाई और अनचाहे गर्भाधारण को रोकने के लिए गर्भावस्था के बीच सही समय और अंतराल तथा जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान 9 महिलाओं की सफल नसबंदी की गई। इसके साथ ही 5 महिलाओं के एलएससीएस (सीजेरियन) ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति धुर्वे, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. सोनम देशमुख, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा ठाकुर, स्टाफ नर्स आशा देवांगन, दीप्ति मसियारे, सराह कश्यप, ओटी अटेंडेंट जितेंद्र वाल्दे एवं आया गोमती सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा गर्भधारण के बीच उचित अंतराल अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बीएसपी ने शुरू किया डेंगू सर्वे अभियान

**भिलाई।** टाउनशिप में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी डेंगू सर्वे अभियान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। इस दौरान वे संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों का सर्वे व उपायों के संबंध में नागरिकों को जागरूक कर रहे रहे हैं। विभाग ने टाउनशिप के सभी नागरिकों से सर्वे दलों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### सेक्टर 8 के ध्वस्त पुल को युवाओं ने कराया अपडेट

**भिलाई।** सेक्टर 8 के पुलिया भारी बारिश के चलते बुरी तरह ध्वस्त हो गया था। जहां भाजपा पश्चिम मंडल की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। बीते दिनों हुए बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सेक्टर-8, सड़क नंबर 1 ए में स्थित पुलिया भारी बारिश के बहाव को न झेल पाने के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गया। पुलिया स्थानीय मोहल्लेवासियों समेत स्कूल जाने वाले बच्चों के आवागमन का मुख्य जरिया था। पुलिया टूटने की वजह से रात के अंधेरे में कार फंस गई। जिसे स्थानीय निवासियों ने मशक्कत कर सुरक्षित बाहर निकाला। इसे देख राजेश कुमार सिंह, सुबोध सिंह और विक्रांत शुक्ला ने तुरंत भाजपा पश्चिम मंडल के मीडिया प्रभारी रेहान अहमद को सूचना दी।

फोटो-बालोद









पर्व : भगवान की झांकी पर श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा, जगह-जगह हुई आरती

# ओटेबंद में निकली रथयात्रा, जयघोष और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ एवं धार्मिक महोत्सव के ओटेबंद में भव्य रथयात्रा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया।

रथयात्रा में भगवान की आकर्षक झांकी को सुसज्जित रथ में विराजमान कर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।रथयात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के रथ के साथ चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-



अर्चना एवं आरती कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री विष्णु धाम महायज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। रथयात्रा के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी धार्मिक आयोजनों में भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

## भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**गुरूर।** भगवान श्रीजगन्नाथ की पावन रथयात्र नगर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ निकाली गई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल हुए। नगर में जगन्नाथ यात्रा बजरंग बली मंदिर से निकल कर नगर का भ्रमण कर वापस मंदिर में पहुंचे। भव्य एवं सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीजगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ विराजमान होकर नगर भ्रमण किए। पारंपरिक वाद्ययंत्रें, गाजे–बाजे, भजन–कीर्तन एवं जयघोषों के बीच निकलने वाली यह शोभायात्रा पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दी।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**गुण्डरदेही।** नगर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलराम एवं माता सुभद्रा की रथयात्र श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर तिमिरेंद्रू शेखर कंवर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा समस्त नगरवासियों को रथयात्र की शुभकामनाएं देते हुए नगर की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

इस वर्ष रथयात्र के लिए नया रथ तिमिरेंद्रू शेखर कंवर द्वारा समर्पित किया गया, जिसका विधिवत शुभारंभ भी किया गया। पूजा–अर्चना के पश्चात भगवान जगन्नाथ, भगवान बलराम एवं माता सुभद्रा को रथ पर विराजमान कर पूरे नगर में भव्य शोभायात्र निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा–अर्चना की तथा जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

रथयात्र के दौरान पूरा गुण्डरदेही नगर भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर दिखाई दिया तथा श्रद्धालुओं ने भगवान से सभी के सुख, शांति और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की। रथयात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर सोहन सोनी, पुष्पेंद्र चंद्राकर, रवि मानिकपुरी, सुभाष चंद्राकर, चेतन सोनकर, अनूप नामदेव, दयाराम सिन्हा, विजय कोसरे सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खुंदनी में 50 वर्षों से निभ रही जगन्नाथ रथयात्रा की परंपरा

**गुरूर।** ग्राम खुंदनी में पचास वर्षों से भगवान जगन्नाथ यात्रा पूरे धूमधाम से मनाई जा रही है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राधाकृष्ण मंदिर से भगवान जी भक्तों को दर्शन देने रथ

■ राधाकृष्ण मंदिर से निकली भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा

सवार होकर गांव की गलियों मे घूमें।

कहा जाता कि जब भक्तजन मंदिर के गर्भगृह में नहीं जा पाते तो भगवान जगन्नाथ स्वंय बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलदाऊ के साथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए खुद आते है। इसके प्रतीक के रूप में ग्राम खुंदनी में भी प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से मनाई जाती है।

वरिष्ठ गुरुजन त के अनुसार यह उत्सव 3 जुलाई 1975 से प्रतिवर्ष प्रारंभ है और भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जा रही है। अपने समय की बात बताते हुए



गुरुजी ने कहा कि उस समय भी ग्राम विकास समिति के द्वारा रथ तैयार किया जाता था और गांव के सभी जाति के लोगों के द्वारा हाथ से रथ खींचा जाता। ग्रामीण जन भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलदाऊभैया को धुप दीप दिखाकर पूजा पाठ करके श्री फल चढ़ाते और सभी के लिए मंगल कामना करते। गुरुजी स्वंय पुजारी बनकर गजामूंग का प्रसाद श्रध्दालु भक्तों को देते। सभी लोग भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भैया बलदाऊ का जयजयकार करते आनंद मग्न रहते। गांव में मेला लगता और हर्षोल्लास का माहौल रहता है। इस पौराणिक और धार्मिक आयोजन में उस समय के सियान स्वः देवीलाल पटेल, स्वः जोहित राम सोनभद्र, स्व एम आर सोनभद्र, स्व गैंदलाल सोनभद्र, पुनुराम गुरुपंच, फत्तूराम सोनभद्र और सभी सज्जनों का सराहनीय योगदान रहा है। कोई भी बाहर से आए मेहमान ग्राम खुंदनी के चौड़ी गलियों का प्रशंशा अवश्य करते है जिसका मुख्य कारण भगवान की रथयात्राहै। महंत गुरुजी के अनुसार रथयात्रा के लिए यहां के गलियां की विशेष रूप से समतल और चौड़ा किया जाता रहा है ताकि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में कोई परेशानी न हो। सभी लोग ठीक प्रकार से रथ को खींच सके। आज भी पचास वर्षोंर् से ग्रामीण जन इस परम्परा को श्रध्दा और विश्वास के साथ मनाते आ रहे है। शोभा राम साहू और बृजराम साहू ने पुजारी बनकर सबी भक्तों को गजामूंग का प्रसाद बांटा। अध्यक्ष जनजीवन निर्मलकर, रवि राम सोनभद्र के मार्गदर्शन में रथयात्रा गांव की गलियों से होते हुए राधाकृष्ण, महावीर मंदिर में वापस आए। रथोत्सव की शुभकामना देते हुए महंत गुरुजी ने नवयुवकों से निवेदन किया कि व्यसन से दूर रहे और इस प्रकार की धार्मिक परपंरा को जीवंत बनाए रखे।



## न्योता भोज कराया गया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लमती में एक आत्मीय एवं हर्षोल्लासपूर्ण न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम लमती निवासी मेघनाथ शिवना शिक्षक द्वारा अपनी पुत्री पुष्पांजली के प्रतिष्ठित एकलव्य विद्यालय में चयन होने की खुशी में आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लमती के सभी छात्र-छात्राओं के लिए स्नेहपूर्वक न्योता भोज की व्यवस्था की गई। बच्चों को स्वादिष्ट चावल, दाल, खीर एवं पूरी परोसा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने पुष्पांजली की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें एवं उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक बी.पी. आमदो, सी.एम. ठाकुर, प्रियंका लोहरे, संध्या पिस्दा एवं श्री शेख अंजान सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## अमन यादव बने भाजयुमो बालोद के सहप्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद के सहप्रभारी के रूप में अमन यादव की नियुक्त की गई है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा

■ प्रदेश नेतृत्व ने सौंपी नई जिम्मेदारी, संगठन मजबूत करने का जताया संकल्प

भारतीय जनता युवा मोर्चा के संभाग प्रभारी, सहप्रभारी, जिला प्रभारी एवं सहप्रभारी की घोषणा की गई है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश खेल एवं कला सह प्रमुख अमन यादव को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है।

संगठनात्मक दायित्व मिलने पर



अमन यादव ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के प्रति आभार व्यक्त किया।

अमन यादव ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को संगठन से जोड़ने, राष्ट्रहित में कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बालोद जिले की सभी विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वे संगठन में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

मन यादव की नियुक्ति पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, बालोद जिला के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती और ऊर्जा प्राप्त होगी।

## हीरापुर के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक भैयाराम से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक कार्यालय गुरूर में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा से ग्राम हीरापुर के ग्रामीणों ने सौजन्य मुलाकात किए। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से मुलाकात कर सांस्कृतिक कलामंच, टीना शेड निर्माण की मांग रखी। इस पर पूर्व विधायक ने यथासंभव कार्यों की स्वीकृति के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष परमानंद साहू, संतराम साहू जनपद सदस्य, ग्राम पटेल दुष्यंत साहू, कुंजलाल साहू, लक्ष्मण साहू, राधेश्याम साहू, संभू साहू उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस ने पत्रकारवार्ता कर कथित वित्तीय अनियमितताओं पर जताई आपत्ति

# राम मंदिर चढ़ावा मामले में कांग्रेस ने उठाए सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा विगत दिनों श्रीराम मंदिर अयोध्या में हुए चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं कथित घोटाले के संदर्भ में राजीव भवन बालोद में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने भाजपा और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि राम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा और संघ ने राम मंदिर को अपने एक बड़े वैचारिक आंदोलन के रूप में प्रचारित कर भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति कर सत्ता हासिल की, अब भगवान श्रीराम के नाम पर जुटाया गया चंदा भी भाजपा आरएसएस की राजनीतिक लूट का शिकार हो गया। यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया घोर विश्वासघात है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे




को जनता, श्रद्धालुओं और देश की आस्था से जुड़ा विषय मानते हुए सड़क से सदन तक उठाती रहेगी।

मुख्य वक्ता महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक है। भाजपा, आरएसएस और विश्व हिन्दू परिषद के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया। आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया। कांग्रेस पार्टी ने मांग करते हुए कहा चंपत राय, अनिल मिश्रा और इस पूरे घोटाले में शामिल सभी प्रभावशाली व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए व पूरे प्रकरण की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस कथित लूट के पीछे कौन लोग हैं और किसके संरक्षण में यह सब वर्षों तक चलता रहा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए व वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर धर्माचार्यों, प्रतिष्ठित नागरिकों, प्रशासनिक विशेषज्ञों और स्वतंत्र सदस्यों के साथ एक नया, पारदर्शी और जवाबदेह ट्रस्ट गठित किया जाए। प्रेसवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामजी भाई पटेल, प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, बालोद शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, अश्वनी गौतम, कमलेश श्रीवास्तव, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष कासिमुद्दीन कुरैशी, माधव गिरी गोस्वामी, दाऊद खान, देवेंद्र साहू, कल्याणी चंद्राकर, अनीस खान, दामेश्वर देशमुख सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सुपेला में सड़क पर अवैध अहाता, रोज होता है विवाद

**भिलाई।** अवैध रूप से चल रहे सुपेला देशी शराब दुकान के पास चल रहा आहता के चलते सड़क से गुजरने वालों के साथ कई बार शराबियों के साथ झड़प होना आम हो गया है। करीब डेढ़ साल से चल रहे इस अवैध आहते पर अंकुश नहीं है, आहते के कारण राह से निकलने वाले महिला युवतियों के साथ भी शराबियों द्वारा छिंटाकसी भी आम हो चुकी है। सुपेला के देशी शराब दुकान के पास चल रहे अवैध आहता के खिलाफ आसपास के लोगों ने भी शिकायत किया है। लेकिन इस अवैध आहते पर अंकुश अब तक नहीं लग पाया है। इसके पूर्व भी अवैध आहते में शराब पीने के बाद शराबी झूमते हुए सड़क पर निकलते हैं। आने जाने वालों के साथ मारपीट की स्थिति निर्मित होती आई है। सड़क पर ही आहता लगने से हमेशा देर शाम होते ही जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अवैध आहता के कारण ही कई बार सड़क से गुजने वालों के साथ मारपीट की भी घटना हो चुकी है। इसे लेकर पुलिस में भी स्थानीय लोगों ने शिकायत किया था लेकिन आहता को लेकर लगाम अब तक नहीं लग पाया है।

पेज 9 का शेष

### भगवान जगन्नाथ, बलभद्र ...

साथ विराजमान होकर नगर भ्रमण किए। पारंपरिक वाद्ययंत्रें, गाजे–बाजे, भजन–कीर्तन एवं जयघोषों के बीच निकलने वाली यह शोभायात्र पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दी। रथयात्रा कपिलेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारी बाजार, हलधरनाथ योगी चौक, मोखला मांझी, मधु चौक, जय स्तंभ चौक, शीतला मंदिर, नया बस स्टैंड, दल्ली चौक, घड़ी चौक एवं सदर बाजार से होते हुए पुनः कपिलेश्वर मंदिर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं की जड़ मनुष्य की अनियंत्रित इच्छाएं हैं : अक्षय मुनिजी मसा

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में बुधवार को जैन आचार्य भगवान श्रीरामलाल मसा के सुशिष्य शासन दीपक अक्षय मुनिजी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य की अधिकांश समस्याएं स्वयं की बनाई हुई हैं। यदि व्यक्ति समस्याएं पैदा ही न करे तो उनके समाधान की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एक समस्या का समाधान होते ही दूसरी समस्या खड़ी हो जाती है, इसलिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी इच्छाओं और मन की चंचलता पर नियंत्रण रखे। अक्षय मुनिजी मसा ने कहा कि आज मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं में तृप्ति और इच्छाओं की पूर्ति खोज रहा है, जबकि वास्तविक संतोष भीतर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को परिवार, समाज, धर्म और स्वयं के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। बेईमानी और छल-कपट से अर्जित धन कभी सुख नहीं दे सकता। प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं भोगना पड़ता है, इसलिए सत्य, नीति और ईमानदारी के मार्ग पर चलकर ही जीवन में वास्तविक उन्नति प्राप्त की जा सकती है।

### सेजेस मंगचुवा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन

**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) मंगचुवा में लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) का गठन किया गया। समिति के गठन के दौरान सर्वसम्मति से रोहित ढालेंद्र को अध्यक्ष तथा भूपेंद्र कुमार साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति में संस्था प्रमुख आई.आर. बागमरिया को सचिव तथा व्याख्याता नंद कुमार कौशिक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सदस्य के रूप में व्याख्याता चित्ररेखा आर्य, पंचायत प्रतिनिधि पूनमचंद जैन, कुमारी बाई, रूपोंतिन बाई नायक, भूतपूर्व छात्र रोहित कुमार, शिक्षाविद उत्तम सिंह ठाकुर सहित पालक प्रतिनिधि वीरसिंह घरेंद्र, कोमलता तेणभूकर, तीजन साहू, नर्स भानुमती श्रीवास, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा भांडेकर, नोहर सिंह कोरेटी, देवेंद्र कुमार आर्य, शशि बाई तथा व्याख्याता योगेश कुमार देशमुख को शामिल किया गया। समिति गठन के उपरांत विद्यालय परिवार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके सहयोग से विद्यालय के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी।

### तंगी से परेशान होकर कर्मी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** जेपी सीमेंट प्लांट के सुपरवाइजर ने आर्थिक तंकी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना राधिका नगर की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि पुष्पेंद्र परमार 35 वर्ष मध्य प्रदेश के सतना जिला का निवासी था। वर्तमान में राधिका नगर सुपेला में किराए के मकान में रहता था। जांच में पता चला है कि उसे बीते 27-28 माह से जेपी कंपनी का वेतन नहीं मिला था। परिजनों के मुताबिक कंपनी से वेतन नहीं मिलने पर 3 क्रेडिट कार्ड से 10 लाख रुपए से अधिक का लोन लिया पुष्पेंद्र ने लिया था।

परंपरागत चिकित्सा को बढ़ावा देने का संकल्प, गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख को मिला राष्ट्रीय दायित्व

# गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख बने अखिल भारतीय वन औषधि वैद्य महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैध महासंघ छत्तीसगढ़ का आयोजन नगर पंचायत उतई में हुआ। जिसमे बालोद जिले के नाडी वैद्य व समाजसेवी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख को महासंघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान जिले के वैध भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रें में आयोजित इस कार्यक्रम में देश व प्रदेश स्तरीय संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी हुआ। आयोजित कार्यक्रम में नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावा विभिन्न औषधियो का प्रदर्शन भी किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित हुए।

दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई। अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि किस तरह से बड़ी से बड़ी बीमारियां जैसे हार्ट अटैक, साइटिका, कैंसर का भी हम जड़ी बूटियां से इलाज कर सकते हैं। इसके अलावा वक्ताओं ने बताया कि गठिया दर्द, मधुमेह, थायराइड, गुर्दे की समस्या, दिल की समस्या, गैट्रिरक समस्याएं, त्वचा रोग,



महिला पुरुषों की समस्याएं, बाल झड़ना व गंजापन, न्यूरोलॉजिकल, बवासीर, आंखों की सभी समस्याएं, मोटापा बढ़ाना या घटना, कैंसर जनित रोग, मासिक धर्म संबंधी सहित कई रोगों के सफल इलाज की जानकारी दी गई। नगर पंचायत उतई में अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ का प्रदेश स्तरीय आयोजन हुआ। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि जड़ी बूटियों के माध्यम से हमारे वैद्य चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष रूप से सेवा दे रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा आयुष पद्धति से चिकित्सा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। सांसद बघेल ने कहा कि परंपरागत इस चिकित्सा पद्धति को हम सब बचपन से जानते हैं। गांव में वैद्य बड़ी से बड़ी बीमारियों को ठीक कर देते थे। जिस बीमारी के इलाज के लिए हम आज लाखों रुपए खर्च करते हैं, उसे हमारे वैद्य आसानी से ठीक कर देते थे। आज हमें ऐसी परंपरागत चिकित्सा पद्धति को फिर से अपनाने की जरूरत है। उन्होंने इस तरह के आयोजन की जरूरत बताई। साथ ही आशा व्यक्त की कि महासंघ में नए पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई।

नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने कहा कि नाड़ी वैद्यों का सम्मान आज भी इसलिए बरकरार है क्योंकि हम सब निःस्वार्थ सेवा करते हैं। प्राकृतिक रूप से जड़ी बूटियां का हम इस्तेमाल करते हैं, जिससे कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। उन्होंने कहा कि हम सब वैद्य इसी तरह से बेहतर इलाज करते रहे ताकि लोगों का विश्वास परंपरागत आयुर्वेद पद्धति पर कायम रहे। उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने के लिए महासंघ का आभार व्यक्त भी किया। आयोजित कार्यक्रम को अखिल भारतीय परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने सभी अतिथियों का व विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे वैद्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की व आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को वरिष्ठ वैद्य राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र देकाटे, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष कुमार स्वर्णकार, राष्ट्रीय सचिव भारत सिंह, जिला अध्यक्ष दुर्ग गजानंद देवांगन, सचिव जिला दुर्ग सुरेंद्र बाबू गुप्ता, महिला प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ सावित्री साहू, नागपुर महिला प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र पुष्पा नाइक, नासिक जिला अध्यक्ष अश्विनी खोड़के, नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती साहू, मीडिया प्रभारी संजय देवांगन, विजयगढ़ यूपी बी.एस माथुर ने भीं संबोधित किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ के निर्देशों पर तथा महासंघ के विकास के लिए कार्य करने की शपथ ली।

## बड़गांव में तीन दिवसीय योग शिविर बच्चों ने सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



■ योगाचार्य पीलू राम साहू ने योग, प्राणायाम व नशामुक्ति का दिया संदेश

ग्राम बड़गांव स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योगाचार्य पीलू राम साहू ने प्रतिभागियों को अष्टांग योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण दिया।

साथ ही बच्चों को नशापान और मांसाहार से दूर रहकर संस्कारवान एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में प्रतिदिन योगाभ्यास की शुरुआत दो किलोमीटर दौड़ से कराई गई। इसके बाद सूर्य नमस्कार, प्रज्ञायोग व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, गरुड़ासन, वज्रासन, मंडूकासन, शशकासन, भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, चक्रासन, नौकासन, सेतुबंधासन और शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। वहीं भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उद्गीत एवं प्रणव (ध्यान) प्राणायाम के साथ सिंहासन और हास्यासन का अभ्यास कराते हुए शांतिपाठ कराया गया। योग शिविर में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के विद्यार्थियों के अलावा समीपस्थ ग्राम खडेनाडीह और डारागांव के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग का अभ्यास किया। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे नियमित योग करेंगे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे। शिविर के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक योग करेंगे, रोज करेंगे, स्वस्थ रहेंगे का संदेश भी दिया।

चखना सेंटरों की गंदगी से खेतों तक पहुंच रहा प्लास्टिक कचरा

# स्वच्छता अभियान को चुनौती दे रहा शराब दुकान के समीप का चखना सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

■ शराब दुकान के आसपास फैली गंदगी से पर्यावरण पर बढ़ा खतरा

मोहंदीपाठ में संचालित शराब दुकानों के आस पास स्थित चखना सेंटर प्रदूषण का प्रमुख कारण बनते जा रहा है। जहां चखना सेंटर के आस पास झिल्लीयो व डिस्पोजल के कचरे का ढेर पहाड़नुमा नजर आने लगा है।

ग्राम निकुम के ग्रामीणो ने कहा एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का स्लोगन देकर पूरे देश में प्लास्टिक मुक्त कर पर्यावरण संरक्षण का राग अलाप लाखों रुपए खर्च कर रही हैं, वही शराब दुकान के आस पास प्लास्टिक डिस्पोजल, गिलास, पानी पाउच, सहित कई प्लास्टिक झिल्लीयो का ढेर हवा में बिखर कर किसानों के खेत खलिहान में भी जा रहा है जहां मवेशियां भी पालीथीन खाते दिखती हैं। वही शराब प्रेमी अवैध चखना सेंटर में खुले आम शराब पीते है जहां आपसी साठगांठ से शराब कोचियों को मनमर्जी से शराब मिलने से शराब



कोचियों के हौंसले बुलंद हैं। वही दुकानों के आस पास संचालित हो रहे चखना सेंटर अब स्वच्छता व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। दुकानों के बाहर डिस्पोजल गिलास, प्लास्टिक की थैलियां और अन्य कचरा खुले में बिखरा पड़ा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है।

जहां शराब दुकान के आस खाली जगह पेड़ पौधो से हरियाली फैलाने के जगह प्लास्टिक डिस्पोजन व कचरो से पटते जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र में हरियाली की जगह जमीन कचरे की ढेर में पट गया है। जहां चखना सेंटर के आस पास स्थित खेत में उक्त प्लास्टिक की झिल्लीयां व डिस्पोजल हवा में उड़कर पहुंच रही है। जिसके कारण क्षेत्र के किसानो के खेत हरे भरे फसल की जगह प्लास्टिक से पटते जा रहे है जिसके कारण किसानो को फसल लेने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने से प्लास्टिक कचरा जमा हो रहा है और यह पर्यावरण प्रदूषण का कारण बन रहा है। जिम्मेदार विभाग द्वारा इस ओर ध्यान देकर कार्रवाई करने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की जा रही है।

## पीएमश्री के विद्यार्थी को शैक्षणिक भ्रमण से संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा





पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों को नई विधानसभा की दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही, जनहित के मुद्दों पर होने वाली चर्चा तथा कानून निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देखने और समझने का अवसर मिला। यह शैक्षणिक भ्रमण क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया के सहयोग से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विधायक ने विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें लोकतंत्र की महत्ता से अवगत कराया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने इस अवसर के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के संस्था प्रमुख डी.आर. देवहरे ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ते हैं। विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखने से बच्चों में लोकतांत्रिक संस्थाओं, संसदीय परंपराओं तथा शासन व्यवस्था के प्रति रुचि और समझ विकसित होती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ, वरिष्ठ शिक्षक एन.आर. देशमुख, एम.डी. साहू, रोहणी नायक, एस.एस. जमवंते एवं अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस शैक्षणिक अवसर को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक बताया।

## अचौद स्कूल की 32 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



ग्राम कलंगपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद में शासन की निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी की पात्र छात्रओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष दिगेश्वर यादव, शिक्षाविद दुलार सिंह ठाकुर, शाला के प्राचार्य डीएस महेरिया, शाला प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व बड़ी संख्या में पालक सदस्य अभिभावक उपस्थित थे। जिसके तहत कक्षा नवमी के कुल 32 पात्र छात्रओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। नई साइकिल मिलने पर छात्रओं के चेहरे खिल उठी। इस दौरान शिक्षाविद दुलार सिंह ठाकुर ने छात्रओं को समय का सदुपयोग और नियमित शाला आने की सीख दी। प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की साइकिल मिलने से निश्चित ही छात्रओं के समय की बचत होगी, जिनका उपयोग में वे अपनी पढ़ाई में कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन टीएल साहू एवं आभार प्रदर्शन जे.कौर द्वारा किया गया।

पूर्व सरपंच पर मनमाने ढंग से पट्टे देने का आरोप

# आबादी पट्टों के वितरण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा



ग्राम पंचायत सरेंखा में आबादी पट्टों के वितरण को लेकर विवाद गहरा गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व सरपंच पर अवैधानिक तरीके से आबादी पट्टे वितरित करने का आरोप लगाया है। साथ ही ऐसे सभी पट्टों की जांच कर उन्हें तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व सरपंच ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों को विश्वास में लिए बिना अपने चहेते लोगों को आबादी पट्टे जारी कर दिए। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में दो लोगो के द्वारा संबंधित भूमि पर मकान निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूर्व सरपंच के कार्यकाल में जारी सभी आबादी पट्टों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पात्र गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को नियमों के अनुसार पुनः पट्टे वितरित किए जाएं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कई ऐसे लोगों को पट्टे दिए गए हैं जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं, सरकारी नौकरी में हैं अथवा पहले से पक्के मकानों के मालिक हैं, जबकि गांव के कई गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार आज भी आबादी पट्टे से वंचित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि निर्धारित समय में जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे गुण्डरदेही, बालोद, दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर ग्राम सिकोसा के पास धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम करेंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में संजय यादव, गोपीराम, चेतन, भूपेन्द्र, शोभाराम, शत्रुघ्न लाल, धनसिंह, नरेश कुमार, राधेश्याम, गणपत, तुकाराम, मोतीलाल, लीलाराम, अलखराम, शेखर ठाकुर, येलाल, विष्णुराम, चित्रकांत साहू, उपेन्द्र साहू, मुकेश, बालचंद, छोटेलाल, देवकुमार, देवदास, टिकम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## पेरपार स्कूल में शेड निर्माण का भूमिपूजन

**गुरूर।** ग्राम पेरपार में प्राथमिक शाला प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी प्रीतम साहू भूमिपूजन किया। जिसमे अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानं साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पेरपार संजूलता राजपूत, उपाध्यक्ष सेवा सहकारी समिति फागुनदाह परमानंद पटेल, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल पुरूर होमशंकर साहू, उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज गुरूर दुष्यंत साहू, पूर्व सरपंच हलधर पटेल, महामंत्री भाजपा मंडल पुरूर यदिप साहू, बुथ अध्यक्ष झरियार पटेल, बुथ अध्यक्ष प्रेम लाल पटेल, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला पेरपार चमेली साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पेरपार एचके भोजवानी, सरपंच मिथलेश साहू, उपसरपंच देवराम पटेल, रोजगार सहायक तामेश्वर पटेल, सचिव अर्जुन साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**आयोजन**

### धनेली स्कूल में ब्रह्माकुमारी संस्थान ने कराया मेडिटेशन, व्यक्तित्व विकास पर हुआ मार्गदर्शन

# विश्व युवा कौशल दिवस पर विद्यार्थियों को आत्मबल और कौशल विकास का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन गुरुर सेंटर के तत्वधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विशेष रूप से विद्यालय के प्राचार्य टीके साहू, शिक्षिका राखी सोनी, शिक्षिका कमलेश्वरी ठाकुर, बिजनेस हार्ड वेयर विनीता साहू, षष्ठकृत साहू, नंदकुमार साहू, सेवक राम साहू, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरस बहन संचालिका गुरुर सेंटर तथा विद्यालय की छात्र–छात्राएं उपस्थिति थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं को प्रेरित करने वाली मोटिवेशनल गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य टीके साहू ने कहा कि यह दिवस आप बच्चों के अंदर छिपी हुई कौशल को जगाने के लिए सशक्त बनाने हेतु मनाया जाता है हम सब







आए हैं इस धरती पर बहुत सारी कलाएं, विशेषताएं गुण लेकर भी कभी–कभी हम विशेष परिस्थितियों में उन गुणों को भूल जाते हैं हमें लक्ष्य रखना चाहिए कुछ अलग करने का, इसके लिए अपने अंदर उसे कौशल को आगे बढ़ना होगा। विनीता साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम हमें उत्साहित करता है, प्रेरित करता है ऐसे कार्यक्रम में शांत मन और एकाग्र स्थिति बनाकर सुनना और समझना चाहिए क्योंकि यह हम सबके जीवन के लिए अति आवश्यक है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। ब्रह्माकुमारी सरस बहन ने आंतरिक शक्ति सफलता का सबसे बड़ा कौशल इस विषय पर बच्चों का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि आज युवाओं को जीवन की अनेक चुनौतियों का सामना करने के लिए साहस आत्मविश्वास धैर्य तथा स्वयं पर विश्वास जैसी खूबियां लाने के लिए आंतरिक शक्ति को जगाने की आवश्यकता है क्योंकि आज का जीवन अनेक विषम परिस्थितियों में घिरा हुआ है अनेक प्रकार की परीक्षाएं जीवन को झकझोर कर रही है।

### आत्मबल ही सफलता का सबसे बड़ा कौशल : सरस बहन

एक ऐसा भी समय आता है जब चारों तरफ अंधकार ही अंधकार सारे रास्ते बंद नजर आते हैं ऐसी स्थिति में हम स्वयं को पहचाने की, स्वयं के अन्दर छिपी विल पावर को जागृत करें, तनाव से ताकत तक चुनौतियों को अवसर में बदलने की कला को पहचाने, कठिन परिस्थितियों में बेहतर ढंग से प्रतिक्रिया नहीं समझदारी से निर्णय ले। अपने जीवन का फाउंडेशन मजबूत बनाकर रखें जैसे वृक्ष जड़ से मजबूती को प्राप्त करता है कितने भी तूफान आएं, आंधी आएं पत्ते, फूल, फल झड़ जाते लेकिन अपनी जड़ों के कारण मजबूती से खड़ा रहता है ऐसे ही हमारे जीवन का जड़ हमारा कैरक्टर, हमारा आईडेंटिटी, हमारी अंसनमे से है जो जीवन में आने वाली हर प्रकार की परीक्षाएं चुनौतियां का सामना करने का संबल प्रदान करता है, इसके लिए हमें अपनी आत्मबल को बहुत मजबूत बनाना होगा और मजबूती का आधार स्तंभ है स्वयं जागृति मनोबल, सहनशीलता, आत्मविश्वास, धैर्य, उद्देश्य, क्रियाशीलता, विल पावर इसका संपूर्ण ज्ञान ही हमें हर कदम पर जीतने की शक्ति प्रदान करता है इसलिए आत्म बल को बढ़ाने के लिए मेडिटेशन ध्यान अति आवश्यक है इसके लिए थोड़ा समय निकालकर अभ्यास जरूर करें। जीवन में अगर सफलता चाहिये तो धैर्य, दृढ़ता और निरंतर परिश्रम बहुत जरूरी है आत्मबल ही असली कौशल है। जीवन की हर चुनौती को सफलता का अवसर समझे। बच्चों को प्रैक्टिकल में मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन नंदकुमार साहू ने किया। अंत में ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से प्राचार्य सर को ईश्वरी सौगात देकर सम्मानित किया गया।

# बालोद के नए पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने संभाला पदभार

### अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक, प्रभावी पुलिसिंग और जनसहभागिता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने जिला पुलिस कार्यालय बालोद में विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा उन्हें विधिवत पदभार सौंपा गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा पुलिस कार्यालय बालोद के समस्त शाखा प्रभारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों ने अपना परिचय दिया तथा जिले में अपने कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों से अवगत कराया। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक 2018 बैच के भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस अधिकारी हैं। वे मूलतः





महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के निवासी हैं तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। अपने सेवाकाल में उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में बिलासपुर जिले में सेवाएँ दीं। इसके पश्चात नगर पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑपरेशन सुकमा जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। बाद में वे सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ रहे, जहाँ उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग, कानून–व्यवस्था सु–दृ़ करने, जनसहभागिता बढ़ाने तथा मादक पदाथोंर् की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उल्लेखनीय कार्य किए। उतकृष्ट पुलिसिंग एवं मादक पदाथोंर् के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए उन्हें वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट न्यायमूर्ति द्वारा एफआईसीसी बेस्ट परफॉमिंग ऑफिसर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। स्वागत एवं परिचयात्मक बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी बालोद बोनिफास एक्का, एसडीओपी गुण्डरदेही राजेश बागड़े, एसडीओपी गुरुर माया शर्मा, डीएसपी मुख्यालय श्रुति सिंह, सीएसपी राजहरा विकास पाटले, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा समेत जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस कार्यालय बालोद के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।




